# पंचायत से संसद 2.0

**स्रोत: द हिंदू**

हाल ही में 6 जनवरी 2025 को आदिवासी नेता **बिरसा मुंडा** की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में **लोकसभा अध्यक्ष** द्वारा पंचायत से संसद 2.0 कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

- इस कार्यक्रम में पूरे भारत से **अनुसूचित जनजातियों (ST) की 502 निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों** ने भाग लिया।
- **पंचायत से संसद 2.0 कार्यक्रम: यह संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक मूल्यों** की समझ बढ़ाने के क्रम में महिला जागरूकता तथा सशक्तीकरण पहल है।
  - इसका आयोजन **राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW)** एवं **लोकसभा सचिवालय** द्वारा **जनजातीय मामलों के मंत्रालय** के सहयोग से किया गया।
- **उद्देश्य: पंचायतों (PRI)** और **शहरी स्थानीय निकायों (ULB)** में विविध पृष्ठभूमि से निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को **संवैधानिक प्रावधानों, संसदीय प्रक्रियाओं** तथा **शासन** संबंधी जानकारी प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना।
  - **प्रमुख विशेषताएँ:**
    - इसके तहत विशेषज्ञों एवं **संसद सदस्यों (MP) द्वारा इंटरैक्टिव कार्यशालाओं के साथ नए संसद भवन**, **संविधान सदन**, **प्रधानमंत्री संग्रहालय** तथा **राष्ट्रपति भवन** के निर्देशित दौरे शामिल हैं।
    - **पंचायत से संसद 1.0** का आयोजन जनवरी 2024 में 500 से अधिक प्रतिभागियों के साथ किया गया था।
- **महिला आरक्षण हेतु अधिनियम:**
  - **73वें और 74वें संविधान संशोधन अधिनियम (1992 और 1993)**
  - **106वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2023**
- बिरसा मुंडा ने **मुंडा विद्रोह (उलगुलान)** का नेतृत्व किया तथा उनकी जयंती को **जनजातीय गौरव दिवस** के रूप में मनाया जाता है।

**और पढ़ें: जनजातीय गौरव दिवस: 15 नवंबर**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/panchayat-se-parliament-2-0